श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.) पदमं नाणं तओ दया ब्यावर (राज.)
॥तमसो मा ज्योतिर्गमय॥
ब्यावर राजस्थान से प्रकाशित
# वर्द्धमान समाचार
• शिक्षा • संस्कार • सेवा • समर्पण •
साप्ताहिक डिजिटल समाचार-पत्र | शनिवार, 15 अगस्त 2026 | वर्ष : 1 | अंक : 6



# वर्द्धमान में तिरंगे की शान
## विभिन्न इकाईयों ने एक साथ मनाया आजादी उत्सव




श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान कन्या पीजी. महाविद्यालय, बी.एल. गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) एवं वर्द्धमान स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर के अध्यक्ष श्री सुनील खेतपालिया, समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रगान 'जन गण मन' की मधुर स्वर-लहरियों के बीच ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय पर्व पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, सामूहिक नृत्य, भाषण, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को अभिव्यक्त किया। समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा और अनुशासन की सराहना करते हुए अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। बी.एल. गोठी के प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी का आभार जताया। संचालन निधि पंवार एवं अनुपमा दाधीच ने किया।

### शहीदों के बलिदान का स्मरण रहें



*स्वाधीनता दिवस का यह पर्व स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके अमूल्य बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि भारत के वीर सपूतों के बलिदान को हम सदैव स्मरण में रखें, मन लगाकर अध्ययन करें तथा अनुशासन का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने का प्रयास करें।*

*- सुनील खेतपालिया, अध्यक्ष : श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर*




## कबूतरों को मुक्त कर शांति का संदेश दिया

समारोह के मुख्य अतिथि एवं समिति अध्यक्ष सुनील खेतपालिया ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में कबूतरों को आकाश में मुक्त कर शांति, स्वतंत्रता एवं सद्भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने तालियों के साथ इस पहल का स्वागत किया।

## मार्च पास्ट की सलामी, पीटी व परेड इंस्पेक्शन

समारोह में विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं देशभक्ति का परिचय देते हुए मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। इसके बाद आकर्षक पीटी प्रदर्शन एवं परेड इंस्पेक्शन ने समारोह में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रमों की तालियां बजाकर सराहना की।

## गायन, नृत्य एवं बैण्ड की प्रस्तुति ने दिल जीता

राष्ट्रीय पर्व पर विद्यार्थियों की गायन एवं समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने समारोह में समां बांध दिया। इसी के साथ ब्रास बैण्ड की प्रजेन्टेशन भी दिल जीतने वाली रही। सभी उम्र के बच्चों द्वारा दी गई अलग-अलग प्रस्तुति ने अभिभावकों एवं अन्य अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् से समापन

स्वतंत्रता दिवस समारोह का समापन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'वन्दे मातरम्' के सामूहिक गान के साथ हुआ। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा। सभी ने एक-साथ राष्ट्रीय गीत को गाकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।



## समिति सदस्य एवं अनेक गणमान्य रहे मौजूद...

समारोह में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष प्रथम एम. गौतमचंद बोहरा, उपाध्यक्ष द्वितीय ज्ञानचंद बिनायकिया, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रचार मंत्री महेन्द्र सांखला, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण खेतपालिया, प्रकाशचंद गदिया, रमेशचंद मेड़तवाल, उत्तमचंद देरासरिया, दीपचंद कोठारी, पारस ओस्तवाल, अरविन्द मुथा, दुलराज मकाणा, वैभव सकलेचा, शांतिलाल नाबरिया एवं सुरेशचंद कांकरिया, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ. निवेदिता पाठक, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या श्वेता नाहर, वर्द्धमान स्कूल के प्राचार्य अरविन्द नाहर, सीएमए चैप्टर ब्यावर के संस्थापक अध्यक्ष रूपेश कोठारी, अध्यक्ष मितेश चौपड़ा, सचिव शुभम सांखला, मयंक पीपाड़ा, पवन गोयल, रवि शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र गर्ग, जिले के गणमान्य नागरिक, समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। समारोह में ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, पीटी एवं परेड निरीक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया।

समारोह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में महाविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभक्ति के रंग में रंगे पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। प्रस्तुत कार्यक्रमों की कुछ झलकियों का सभी ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया।








































# श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
## स्वतंत्रता दिवस पर नन्हें विद्यार्थियों ने बिखेरा देशभक्ति का रंग

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में प्री-प्राइमरी से के.जी. कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भारत माता, शहीद भगत सिंह, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सैनिक एवं किसान सहित विभिन्न देशभक्ति से जुड़ी वेशभूषाओं में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। वहीं विद्यार्थियों ने देशभक्ति की कविताओं का भावपूर्ण पाठ करते हुए देश के वीरों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निवेदिता पाठक ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आजादी हमें अनेक वीरों के त्याग और बलिदान से प्राप्त हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने देश के प्रति कर्तव्यों को समझने तथा अच्छे संस्कारों के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने नन्हे विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण एवं प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा कि बच्चों के मन में बचपन से ही देशप्रेम, संस्कार एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति एवं उत्साह का माहौल बना रहा। नन्हे विद्यार्थियों की मासूमियत, आकर्षक वेशभूषा और शानदार प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को विशेष एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और देश के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।

# भंवरलाल गोठी स्कूल में
## तिरंगे संग भारत माँ की जय के नारे

**ब्यावर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्यावर में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के जज्बे के साथ सहभागिता की।

रैली का शुभारंभ भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा एवं वर्द्धमान स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अरविंद नाहर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दोनों प्रधानाचार्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान, देश के प्रति अपने कर्तव्यों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। रैली का विशेष आकर्षण छात्राओं एवं छात्रों के अलग-अलग बैंड दल रहे। छात्राओं के बैंड दल ने आकर्षक एवं अनुशासित प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया, वहीं छात्रों के बैंड दल ने भी शानदार प्रस्तुति से रैली में जोश और उत्साह का संचार किया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर देश के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय परिवार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना विकसित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

- श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय
- भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सैकेण्ड्री स्कूल
- श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
- वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाईनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट
- वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज
- वर्द्धमान इन्टरनेशनल स्कूल

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)
अहिंसा
पढमं नाणं तओ दया
ब्यावर (राज.)

**श्री सुनील खेतपालिया**
अध्यक्ष

**श्री सज्जनकुमार लूकड़**
बैंगलोर, वरि. उपाध्यक्ष

**श्री एम. गौतमचन्द बोहरा**
उपाध्यक्ष-प्रथम

**श्री ज्ञानचन्द बिनायकिया**
उपाध्यक्ष-द्वितीय

**डॉ. नरेन्द्र पारख**
मंत्री

**श्री सुनील कुमार ओस्तवाल**
सहमंत्री

**श्री देवराज लोढ़ा**
कोषाध्यक्ष

**श्री महेन्द्रसिंह सांखला**
प्रचार-मंत्री

## प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यगण

श्री मोहनराज सिंगी
श्री डी. गौतमचन्द बोहरा
श्री सुरेशचन्द सुतलिया
श्री गौतमचन्द गोखरू
श्री राजेन्द्र कुमार कांकरिया
श्री मिलापचन्द बुरड़
श्री किस्तूरचन्द डोसी
श्री शांतिलाल नाबरिया

श्री प्रकाशचन्द गदिया
श्री दुलराज मकाणा
श्री रमेशचन्द मेड़तवाल
श्री प्रवीण कुमार खेतपालिया
श्री उत्तमचंद देरासरिया
श्री आशीषपाल पदावत
श्री अरविन्द मूथा
श्री दीपचन्द कोठारी

श्री पारस ओस्तवाल
श्री गौतमचन्द बिनायकिया
श्री के.राकेश रांका
श्री दीपचन्द लुणिया

श्री पदमचन्द कांकरिया
श्री भंवरलाल खिंवसरा
श्री श्रेयांस बड़ोला

# श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति